SL. No. : FF

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 43 ]
Total No. of Questions : 43 ]

**CCE RR**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 22. 06. 2017 ] [ Date : 22. 06. 2017

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-00 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-00 Noon

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 43 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

1. रवींद्रनाथ ठाकुर जी को नोबेल पुरस्कार क्यों मिला ?
2. गिल्लू गर्मी से बचने के लिए क्या करता था ?
3. लेखक परसाई जी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?
4. इटरनेट का अर्थ क्या है ?
5. भारत भूमि के अंदर क्या-क्या भरा हुआ है ?
6. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?

II. 7. **स्तम्भ - क** के वाक्यांशों के साथ **स्तम्भ - ख** के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए :

4 × 1 = 4

| **स्तम्भ - 'क'** | | **स्तम्भ - 'ख'** | |
|---|---|---|---|
| अ) | साहनी जी का बचपन | i) | मातृभूमि |
| आ) | तिम्मक्का का | ii) | राम |
| इ) | धर्म का मूल | iii) | अभिमान |
| ई) | जसुमति | iv) | पुस्तक प्रेम |
| | | v) | पर्यावरण प्रेम |
| | | vi) | अंधेरी गुफा जैसी |
| | | vii) | दया |
| | | viii) | यशोदा । |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : $4 \times 1 = 4$

8. आर्ट गैलरी : जगनमोहन राजमहल : : व्हिस्परिंग गैलरी :

9. तिम्मक्का : कक्केनहल्ली : : चंद्रशेखर कंबार :

10. मातृभूमि के वन-उपवन : फल-फूलों से भरे : : मातृभूमि के खेत :

11. संत का स्वभाव : हंस के समान : : मुखिया का स्वभाव :

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : $11 \times 2 = 22$

12. शांतिनिकेतन की स्थापना का उद्देश्य क्या था ?

13. सोशल नेटवर्किंग का परिणाम समाज पर कैसे पड़ रहा है ?

14. गिल्लू, महादेवी वर्मा जी को कैसे चौंकाता था ?

15. बांध और जलाशयों के क्या उपयोग हैं ?

16. साहित्य के संबंध में साहनी जी की राय क्या है ?

17. चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलीगेट ने क्या सुझाव दिया ?

18. राष्ट्रभाषा हिन्दी के बारे में कंबार जी के क्या विचार हैं ?

19. मातृभूमि कविता में भारत माँ का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?

20. बालकृष्ण अपनी माँ से क्या-क्या शिकायतें करता है ?

21. शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ? बताइए ।

**अथवा**

झूठ बोलने का परिणाम क्या होता है ?

22. हमारे जीवन में समय का क्या महत्व है ?

**अथवा**

शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 4 × 3 = 12

23. तिम्मक्का का एक आदर्श व्यक्तित्व है । कैसे ? बताइए ।

24. भिखारी के मानवीय गुणों का वर्णन कीजिए ।

25. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

26. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

"तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या, विनय विवेक
साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक ।।"

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 4

27. बसंत ईमानदार लड़का है । कैसे ? बताइए ।

**अथवा**

पं० राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

"प्रसार तेरी ..............................................

...................................................................

..................................................................

.............................................. गा रही हैं !"

**अथवा**

"राम नाम ............................................... ।

...................................... चाहसी उजियार ।।"

## खण्ड - ख
## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं । उनमें सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित उत्तर पूर्ण रूप से लिखिए : $8 \times 1 = 8$

29. 'दिन' का विलोमार्थक शब्द है

(A) सुबह (B) रात

(C) शाम (D) दोपहर ।

30. निम्नलिखित शब्दों में स्त्रीलिंग है

(A) कवि (B) भिखारी

(C) पति (D) युवती ।

31. निम्नलिखित शब्दों में प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है

(A) चलन (B) चाल

(C) चलाना (D) चलनशील ।

32. 'पसीना बहाना' मुहावरे का अर्थ है

(A) परिश्रम करना (B) पसीना आना

(C) परिचित होना (D) बहाना बनाना ।

33. कर्नाटक राज्य ................ शिल्पकला अनोखी है ।

वाक्य में उचित कारक चिह्न भरिए ।

(A) के (B) का

(C) की (D) कि ।

34. 'दाल-रोटी' शब्द में समास है

(A) द्वन्द्व (B) तत्पुरुष

(C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि ।

35. पं० राजकिशोर कहाँ रहते हैं ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है

(A) पूर्ण विराम (B) प्रश्नवाचक

(C) अल्प विराम (D) उद्धरण ।

36. 'संग्रहालय' शब्द में संधि है

(A) गुण (B) यण्

(C) अयादि (D) दीर्घ ।

## खण्ड - ग

### ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. 37. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

गांधी जी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे । वे सत्य को भगवान मानते थे । अहिंसा को सबसे बड़ा धर्म मानते थे । उन्होंने बचपन से ही अहिंसा का पालन करना सीखा । उनके सत्यवादी बनने की घटना बड़ी रोचक है । दूसरे बालकों की तरह वे भी बचपन में जिद करते थे, झूठ बोलते थे, गलतियाँ भी करते थे । किंतु उन्हें एक बार 'राजा सत्य हरिश्चंद्र' नाटक देखने का मौका मिला । वे उससे अत्यंत प्रभावित हुए । इस नाटक को देखने के बाद गांधी जी ने सत्यवादी बनने का निश्चय किया ।

i) गांधी जी किसके पुजारी थे ?

ii) बचपन में गांधी जी का स्वभाव कैसा था ?

iii) गांधी जी के विचार में सबसे बड़ा धर्म कौन-सा है ?

iv) गांधी जी किससे अत्यंत प्रभावित हुए ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : $4 \times 1 = 4$

38. भगवान से उसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली ।

39. आज का युग इंटरनेट का युग है ।

40. कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है ।

41. मैं आपके प्रति अत्यंत आभारी हूँ ।

X. 42. अपनी परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए । 4

**अथवा**

कोइ कारण देते हुए प्रधानाचार्य के नाम छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए ।

XI. 43. दिये गये संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में कोई एक निबंध लिखिए : 4

क) पर्यावरण प्रदूषण

- ✳ प्रदूषण का अर्थ
- ✳ प्रदूषण के प्रकार
- ✳ बचने के उपाय
- ✳ उपसंहार ।

ख) इंटरनेट — एक वरदान

- ✳ परिचय
- ✳ उपयोगिता
- ✳ आज की आवश्यकता
- ✳ उपसंहार ।

ग) जनसंख्या की समस्या

- ✳ विषय प्रवेश
- ✳ जनसंख्या वृद्धि के कारण
- ✳ जनसंख्या का नियंत्रण
- ✳ उपसंहार ।